बर्षः- 05
अंकः- 297
मुरादाबाद
(Thursday)
19 February 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## स्पेन और फिनलैंड के राष्ट्राध्यक्ष से मिले पीएम मोदी, बोले- भारत-यूरोप FTA से सुनहरे युग की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज और फिनलैंड के पीएम पेटेरी ओर्पो से बैठक में भारत-यूरोपियन एफटीए को स्वर्ण युग बताया। इस दौरान पीएम मोदी ने दोनों देशों के साथ रक्षा, तकनीक और डुअल ईयर ऑफ कल्चर, पर्यटन व एआई पर सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने भारत-यूरोपियन यूनियन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को भारत-यूरोप संबंधों में स्वर्ण युग लाने वाला बताया।





प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्पेन के राष्ट्रपति के साथ हुई बैठक में दोनों देशों के बीच दोस्ती बढ़ाने, खासकर रक्षा, सुरक्षा और तकनीक के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई।2026 को भारत और स्पेन वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें संस्कृति, पर्यटन और एआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मोदी ने बताया कि इस दौरान भारतीय और स्पेनिश विश्वविद्यालयों की बड़ी प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएगी, जो लोगों को जोड़ने में मदद करेगी।

भारत-यूरोप संबंध पर क्या बोले पीएम मोदी- इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि यूरोपीय एफटीए से भारत और स्पेन के बीच आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा मिलेगा और नागरिकों के लिए नए अवसर खुलेंगे। दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस सहयोग के तहत सी-295 परिवहन विमान की अंतिम असेंबली लाइन की सफलता का भी स्वागत किया। उन्होंने भारत-स्पेन डुअल ईयर ऑफ कल्चर, टूरिज्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने सह-निर्माण और सह-उत्पादन आधारित रक्षा सहयोग को भी भविष्य की दिशा बताया।बता दें कि स्पेन के राष्ट्रपति इस आधिकारिक दौरे पर 18 से 19 फरवरी तक भारत में हैं। सांचेज ने समिट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इसके परिणाम वैश्विक एआई गवर्नेंस को आकार देने में मदद करेंगे। उन्होंने शिक्षा में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की, खासकर भारत की नई शिक्षा नीति के तहत।

पीएम मोदी और सांचेज के बीच बैठक-पीएम मोदी और सांचेज ने पर्यटन, व्यापार, निवेश, तकनीक, नवाचार, जलवायु और नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा, अंतरिक्ष, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने स्पेनिश विश्वविद्यालयों और संस्थानों को एसटीईएम और तकनीकी क्षेत्रों में भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों, आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग, और स्पेन के भारत-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की बात पर भी चर्चा की।फिनलैंड के पीएम के साथ बैठक में क्या-क्या?- इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ भी बैठक की। उन्होंने एफटीए के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि भारत-फिनलैंड व्यापार को दोगुना करना चाहते हैं। दोनों नेताओं ने 6त्र, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, बायोफ्यूल, सर्कुलर इकोनॉमी और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने डिजिटलाइजेशन और सतत विकास को भविष्य की आर्थिक वृद्धि के लिए अहम बताया और टेक्नोलॉजी कंपनियों के आपसी निवेश का स्वागत किया। उन्होंने वैश्विक शासन और सहयोग के मुद्दों पर भी विचार साझा किए।

## संक्षिप्त समाचार

### अपने पैतृक गांव पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव, कहा- भतीजी की शादी के बाद देंगे सारे सवालों के जवाब

जमानत पर जेल से रिहा हुए अभिनेता राजपाल यादव बुधवार को अपने पैतृक गांव पहुंचे। वह चार पांच दिन यहीं रहेंगे। उनकी भतीजी की शादी है। उन्होंने कहा कि भतीजी की शादी के बाद वह सारे सवालों के जवाब देंगे।

चेक बाउंस मामले में जमानत पर जेल से रिहा हुए फिल्म अभिनेता राजपाल यादव बुधवार को शाहजहांपुर जिले में अपने पैतृक गांव कुंडरा में पहुंचे। उन्होंने भतीजी की शादी की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वह दो दिन भतीजी की शादी में व्यस्त हैं। चार दिन बाद सभी के सवालों का जवाब देंगे।फिल्म अता-पता-लापता बनाने पर खर्च धनराशि को लेकर उद्योगपति माधौ गोपाल अग्रवाल व अभिनेता राजपाल यादव का विवाद न्यायालय में पहुंच गया। पांच करोड़ रुपये का ऋण ब्याज सहित नौ करोड़ रुपये हो गया था। न्यायालय के आदेश पर पांच फरवरी को अभिनेता ने सरेंडर कर दिया। जेल जाने से पहले उन्होंने भावुक अपील की थी, जिसके बाद उन्हें मदद के लिए बॉलीवुड समेत तमाम लोग आए थे। 12 दिन जेल में रहने के बाद मंगलवार को जमानत पर बाहर आ गए। बुधवार को तड़के पैतृक गांव आ गए। वह 19 फरवरी को बड़े भाई श्रीपाल की बेटी प्रियंका की शादी में शामिल होंगे। उन्होंने बरात की तैयारियों को देखा। राजपाल ने मदद करने वालों का किया शुक्रिया - राजपाल यादव ने कहा कि सारी प्रक्रिया हाईकोर्ट से चल रही हैं। हाईकोर्ट के निर्णय का पूरा

## मायावती ने यूपी विधानसभा चुनाव अकेले लडने का किया एलान, गेस्ट हाउस कांड को याद कर कही बात

मायावती ने यूपी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का एलान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सम्मान के लिए अंबेडकरवादी लोग देशभर में जुट जाएं। दिल्ली में टाइप-8 बंगला अलाट होने के पीछे उन्होंने लखनऊ के गेस्ट हाउस कांड के बाद बढ़ा सुरक्षा खतरा बताया। राजधानी लखनऊ में बुधवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अकेले यूपी विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान किया। अपने बयान में उन्होंने कहा कि इन दिनों लोकतंत्र एवं संविधान को मजबूती प्रदान करने के बजाय अर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (AI) को सफलता की कुंजी बताने की स्वार्थी चर्चाएं चल रही हैं।बसपा सुप्रीमो ने कहा कि यूपी में जैसे-जैसे चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी कोशिश करेंगे। हमारे खिलाफ साजिश करेंगे। सिर्फ यूपी में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सभी अंबेडकरवादियों को बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का आत्म-सम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए।संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी है पार्टियों की सोच- उन्होंने कहा कि बसपा के यूपी विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने की बात फेक न्यूज है। यह बिल्कुल गलत, झूठ, हवा-हवाई व मनगढ़ंत है। बसपा अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। बसपा के लोगों को यह अच्छी तरह से मालूम है कि कांग्रेस, सपा व भाजपा आदि पार्टियों की सोच संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी है। ये लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ही इस प्रकार की घिनौनी साजिशें करते रहते हैं। पार्टी समर्थक और कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें। 2007 की तरह ही अकेले चुनाव लड़कर फिर से बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएं। बसपा सुप्रीमो ने दिल्ली के बंगले पर कहा कि मेरी सुरक्षा के हिसाब से लंबे समय बाद टाइप-8 बंगला अलाट हुआ है। इसे मैंने स्वीकार कर लिया है। लेकिन, कुछ लोग इसके बारे में भी गलत व गुमराह करने वाली बातें फैला रहे हैं। इससे भी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। गेस्ट हाउस कांड में जानलेवा हमला हुआ- उन्होंने कहा कि सपा सरकार व इनके मुखिया के इशारे पर ही दो जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड में मुझ पर जानलेवा हमला हुआ। इसके बाद 03 जून 1995 को बसपा के नेतृत्व में यूपी में पहली सरकार बनी। उसी समय से सुरक्षा कारणों से मुझे तत्कालीन भारत सरकार द्वारा उच्च सुरक्षा दी गई थी। वह सुरक्षा खतरा कम होने के बजाय अब और भी बढ़ गया है। इस नाते टाइप-8 का बंगला मिला है।



## माध्यमिक शिक्षा मंत्री बोलीं, पिछली सरकारों में ठेके पर नकल होती थी, योगी सरकार में अब कोई सोच नहीं सकता

यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षार्थियों का उत्साह बढ़ाया।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो चुकी हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बुधवार को पहले दिन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जिया मऊ परीक्षा केंद्र पर पहुंचे परीक्षार्थियों को फूल देकर स्वागत किया।इस दौरान मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में ठेके पर नकल होती थी लेकिन योगी सरकार में अब कोई सोच भी नहीं सकता। यदि कहीं ऐसा हुआ तो उसके खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो पहले कभी सोचा न गया हो। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने परीक्षार्थियों से कहां की आप हमारे भविष्य है, देश का गौरव हैं। चिंता मुक्त



होकर परीक्षा दें यही मेरी शुभकामनाएं हैं। मंत्री ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। छात्राओं को टीका चंदन करते हुए पेड़ा खिलाकर मुंह मीठा कराया गया।माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव ने बताया कि साल 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक प्रदेश भर में आयोजित की जा रही हैं। प्रथम पाली (प्रातः 8:30 बजे से 11:45 तक) हाईस्कूल में हिंदी एवं प्रारम्भिक हिंदी की परीक्षा हो रही है। राजधानी सहित प्रदेश भर में कुल 8,033 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी जिसमें कुल 27,54,376 परीक्षार्थी पंजीकृत है।इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे कुल 24,99,370 परीक्षार्थी- इसी तरह द्वितीय पाली (सायं 2-00 बजे से 5-15 बजे तक) इंटरमीडिएट की हिंदी एवं सामान्य हिंदी की परीक्षा 7,998 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी जिसमें कुल 24,99,370 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। यूपी बोर्ड राज्य कंट्रोल रूम प्रभारी संयुक्त शिक्षा निदेशक विवेक नौटियाल के अनुसार, राज्य स्तरीय हाईटेक कंट्रोल रूम, लखनऊ से 75 जनपदों के सभी 8033 परीक्षा केंद्रों की लाइव ऑनलाइन मॉनिटरिंग और वेबकास्टिंग की व्यवस्था है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत है। हाईस्कूल में 27,61,696 एवं इंटरमीडिएट 25,76,082 परीक्षार्थी शामिल होंगें। प्रदेश में 8033 परीक्षा केंद्र स्थापित हैं। इनमें 596 राजकीय, 3453 सहायता प्राप्त एवं 3984 निजी विद्यालय शामिल हैं।

## किसान हुंकार महापंचायतः भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर भडके राकेश टिकैत, बोले-किसानों को बर्बाद करने पर तुली सरकार



किसान हुंकार महापंचायत में राकेश टिकैत ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है।यूपी के बहराइच में बुधवार को दरगाह इलाका स्थित गल्लामंडी परिसर में भारतीय किसान यूनियन की किसान हुंकार महापंचायत का आयोजन हुआ। इसमें किसान नेता राकेश टिकैत भी शामिल होने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि भारत व अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से देश में सब्सिडी और बिना टैरिफ के आने वाले समानों से देश के किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इसलिए, इसे रोकने के लिए बड़ा आंदोलन करना होगा।मोहन भागवत ने बयान %हिंदुओं को तीन बच्चे करने चाहिए% पर टिकैत ने कहा कि हम तो जनसंख्या नियंत्रण बिल की मांग करते हैं। हम लोगों को एक बच्चे की ओर आना होगा, वरना आने वाले समय में स्थिति काफी खराब होगी। लेकिन, इन लोगों को जनसंख्या बढ़ाने में ही फायदा नजर आ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि ये सरकार सिर्फ हिंदू-मुस्लिम करती है। आज के समय में पड़ोसी देशों से हमारे संबंध खराब हो चुके हैं। किसान नौजवान सभी परेशान हैं। ये लोग स्कूल न खोलकर सिर्फ शराब की दुकानें खोल रहे हैं।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा, पयागपुर के पूर्व विधायक व सपा नेता मुकेश श्रीवास्तव, किसान नेता चंद्रशेखर सिंह आजाद, श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष अजीत चौधरी समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## संपादकीय Editorial

### Debate in the Zero Room

The state, awaiting the droplets of debate in the Zero Room of the RDG, or revenue deficit grant from the center, is facing its own economic drought. We could even say that so and so is to blame for this situation. This was also a competition to see how to use the central relief. Politics, especially the BJP, has accepted that the Sukhu government is on a weak wicket, but this joy is laced with tears. We cannot view the state through two mirrors during this economic crisis, but in the void of the RDG, the think tanks of the BJP and Congress are becoming arenas for separate debates. In this context, Friday's all-party meeting was a sad day. At the very least, the next steps on this issue should be identified. These drums cannot be played alone. We are all guilty of the economic crisis. In this predicament, we are reminded of the wasteful expenditure in the name of development, and at least those speeches by governments, when, in a celebratory manner, they declared, "We will not let there be a shortage of funds." Now, the situation is such that the central government has stripped a hill state of its economic garb. In such a situation, is the central government doing justice by making the government run naked, or is this punishment waking us from our slumber? After all, such a massive structure didn't come up overnight. The past few decades have been marked by the exploits of various chief ministers. In Himachal, we have been squandering financial resources, burning budgets for political victory. Governments, driven by the idea of ??"Mission Repeat," bargained with the public, beyond the state's capacity, reality, and potential, and found neither Maya nor Ram in them. We have made the economy the fiefdom of chief ministers and considered financial methods a slave to boasting. Clearly, opportunities in Himachal have been squandered in the pursuit of economic resources. When Himachal Pradesh emerged from the princely state and was igniting the fire of Punjab reorganization, no effort was made to advocate for economic rights. In this confusion, we insulted the land that was divided from Punjab to Himachal. No one considered that Kangra's Haldoon Valley wasn't limited to the Pong displacement, but its agricultural productivity needed to be resettled elsewhere. We kept looking for central funds, unable to discern between the real and the real. Without understanding the criteria and financial structure of central schemes, this state kept accumulating the cement of progress, but failed to build an economic foundation. It's right to cultivate dreams of employment in education policy, but by making employment a government slogan, we have turned the realm of thinking into politics. When lamps are lit in praise of leaders in every aspect of life, on every public platform, and at the annual celebrations of educational institutions, politics has become the primary ideal for generations. While our leaders continue to effect transfers, electricity transformers continue to burn. If this weren't the case, why would any doctor, employee, or official consider themselves wealthy in the guise of a politician? Furthermore, political patronage would prevent government positions, swindling, the peddling of government files, and the exploitation of ordinary citizens' compulsions. Governments would come and go, and employee cadres would change. Empty coats would remain on secretariat chairs. In a state where ministers are solely focused on making their constituencies shine, departmental competence would only last five years. Himachal Pradesh has always operated on a five-year grace period, so the debts of outgoing governments have created new mountains of debt. The sips of Shimla's tea and coffee failed to notice the state's soil being eroded. Now, we can see the nurseries of politicians becoming wealthy through.

# Challenges Ahead of Trade Agreements: Producing High-Quality Goods at Attractive Prices a Priority

To become an economic superpower, India is emphasizing trade agreements, which will increase access to global markets. However, agreements alone will not suffice. The country needs to produce quality products at attractive prices, increase investment in research and development, facilitate trade, and collaborate with states. Advances in emerging technologies like AI and quantum computing, and energy production for them, are crucial to achieving true economic power. Trade agreements are the first step to becoming an economic superpower. Investment in quality products and research and development is essential. Self-reliance in AI and energy production is a significant challenge. There is no country in the world that has become an economic superpower solely on the strength of self-reliance without trade. According to economic historian Angus Maddison, India also became an economic superpower on the strength of trade. Its economy grew to over a quarter of the world's economy, earning it the nickname "Golden Bird." In the modern era, every country from Britain to the United States has become an economic superpower solely on the strength of trade, and now China is on the same path. After establishing its dominance in the US and European markets, it began opening new markets for its goods through trade agreements even before the walls of protectionism were erected. The Regional Comprehensive Economic Partnership Agreement (RCEP) signed four years ago was a continuation of this, involving 15 countries ranging from China and Japan to New Zealand. Free trade agreements pave the way for increased mutual trade and the emergence of an economic superpower. India has also opened a similar path by signing an agreement with Europe and finalizing its framework with the US. Before the US and Europe, it has already signed trade agreements with ASEAN, Japan, the UK, Australia, South Korea, Singapore, Oman, Mauritius, and four members of the European Free Trade Association. Negotiations are underway for a trade agreement with the Gulf Cooperation Council. Upon completion, these agreements will open up markets representing over 60 percent of the world's GDP. This transformation is nothing short of a transformation for a country that has bankrupted its economy by 40 years of protectionism. It's also true that trade agreements and access to major markets alone cannot make a country a commercial and economic superpower. To achieve this, high-quality goods must be produced and sold at attractive prices. The shackles of license raj and bureaucracy must be eased to establish industries. Research, development, and innovation must be enhanced in both the public and private sectors, as well as areas where the country is ahead of others. Capital must be made accessible and infrastructure must be improved. These measures have allowed China to increase its trade to one and a half times India's GDP, even during Trump's tariff war. Today, India's share of world trade is only 3.5 percent, while China's is approximately 14 percent. During its heyday, India's share of world trade was around 30 percent. Recently, during British Prime Minister Keir Starmer's visit to China, a British bicycle manufacturer was asked where it was easier to do business between China and the United States. He promptly replied, "China, where business is possible within a few weeks and there is also certainty regarding trade policy." India too will need to instill similar confidence in businesses to attract large-scale foreign capital. This will be impossible without the active and positive participation of the states, along with the central government. Industries, in addition to capital, require land, workers, electricity, and infrastructure, all of which fall under the jurisdiction of states that, instead of competing with each other to attract investment, are often busy creating obstacles. Otherwise, why is Tirupur in Tamil Nadu capable of becoming the new Manchester of the garment industry, while Kolkata and Kanpur fail to regain their lost luster in the textile industry? Bengal has a population equal to Vietnam's, but its GDP is half that of Vietnam. Bihar has a one-and-a-quarter the population of Vietnam and a quarter of its GDP. What can you do in the race for development if you can't even match a country devastated by a 20-year war? Through trade agreements, India has opened the doors to the world's rich markets, such as the US, Europe, Japan, and Russia. However, to increase demand for its goods, it requires continuous improvement in quality and attractive prices. This will not be possible without expanding production and investing in research and development. China and Vietnam spend over 2.5 percent of their budgets on research and development, while India spends only 0.65 percent. In the wave of protectionism sparked by Trump's tariff war, self-reliance in the defense sector has become paramount, which is impossible without significant investment in research and development. To become an economic superpower, simply increasing trade will no longer suffice. India must also remain ahead in emerging technologies like AI and quantum computing, and the energy technologies required for these technologies. In the past few months, major US tech companies have pledged investments totaling approximately $80 billion to build AI data centers in India. These include names like Amazon, Microsoft, Google, and Intel. This is undoubtedly good news for the Indian economy, which has been struggling with declining foreign investment for the past few years. However, the massive energy requirements for these projects are beyond even Western developed nations. To build data centers and power-intensive AI models, India will need to increase its energy production to the scale of China, which currently produces two and a half times more electricity than the United States. Large-scale energy generation requires the development of clean energy sources like solar, wind, and hydrogen, ensuring the country's air remains breathable. The AI ??Impact Summit, which began in Delhi today, will address this issue, along with the need to make AI inclusive, people-friendly, and climate-friendly. This summit is expected to accelerate AI development, deployment, and investment in India.

# MSMEs should become the foundation of a developed India and make them globally competitive.

The RBI has increased the collateral-free loan limit for micro and small enterprises from ?10 lakh to ?20 lakh, effective from April. This initiative will boost MSMEs, which contribute significantly to India's economy, manufacturing, and employment. Despite challenges, with the right policies and a focus on global competitiveness, MSMEs can strengthen the foundation of a 'developed India.' The RBI has increased the MSME loan limit from ?10 lakh to ?20 lakh. MSMEs are key pillars of India's economy and employment. Global competitiveness will help achieve the goal of a 'developed India.' The Reserve Bank of India (RBI) recently increased the limit for banks to provide collateral-free or collateral-free loans to micro and small enterprises (MSEs) from ?10 lakh to ?20 lakh. This decision will be effective for loans to micro, small, and medium enterprises (MSMEs) from April this year. The 'Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises' will guarantee loans for entrepreneurs. This initiative by the RBI will undoubtedly prove to be an effective step in promoting MSMEs. It is worth noting that in this year's budget, the Finance Minister announced an increase in credit facilities for MSMEs and the creation of a separate fund of ?10,000 crore for them. The Economic Survey 2025-26 states that MSMEs strengthen India's industrial economy. This sector contributes approximately 35.4 percent of the country's total manufacturing output, approximately 48.58 percent of total exports, and approximately 31.1 percent of gross domestic product (GDP). Over 74.7 million enterprises in the country, employing approximately 328.2 million people, make this sector the second largest employer after agriculture. Globally, approximately 90 percent of businesses are in the MSME format and provide more than 50 percent of total global employment. As India's manufacturing sector moves towards global integration, the role of MSMEs is crucial in promoting effective supply chains, local value addition, and inclusive regional development. It is noteworthy that the Yashaswini Abhiyaan was launched on the occasion of "Entrepreneur India - MSME Day" in 2024, with the aim of promoting gender equality and ensuring a minimum three percent participation of women-owned MSMEs in public procurement by 2029. Last year, the Abhiyaan in Mizoram enabled the registration of approximately 8,400 women-owned MSMEs. To date, it has facilitated the registration of over 1.25 million women-owned MSMEs. The "Industrial Development Report 2024" published by the United Nations Industrial Development Organization (UNIDO) lists India among emerging industrial economies. According to the report, the manufacturing sector in countries like India is expanding rapidly and industrial diversification is increasing. It also states that India has the potential to strengthen its participation in global value chains. Although the MSME sector has made significant progress, some structural challenges remain.

Issues such as delayed payments, lack of technological modernization, and limited global brand recognition continue to hamper the sector's momentum. While the number of registrations certainly paints a strong picture, there is a need to strengthen productivity per enterprise, quality standards, and global competitiveness. If these challenges are addressed through timely and effective policies, MSMEs can become a major pillar of a country's economic growth. The role of small and medium enterprises in the economic strength of South Korea and Japan is clearly visible. South Korea has provided small enterprises with research and development support, scale-up strategies, and legal protection through the Framework Act on Small and Medium Enterprises and the Ministry of Small, Medium Enterprises and Startups. On the other hand, Japan, under the Small and Medium Enterprise Basic Act, empowered its industries with a supply-chain-based "keiretsu" model, high quality standards, and technological innovation. The similarity between these two models is that they not only established a nurturing ecosystem for MSMEs, but also developed a structured system to elevate them to global competitiveness. If India similarly strengthens a clear scale-up policy and quality-oriented industrial coordination, MSMEs can further strengthen the foundation of a "developed India." In socio-economic development, MSMEs create substantial employment at low capital costs, support large industries as ancillary units, and promote industrialization in rural and backward areas. Therefore, India needs to provide long-term and affordable capital to MSMEs, encourage technological upgrading, and promote export-oriented brand building. Implementation of a timely payment mechanism and promotion of green production practices will also be essential. If MSMEs are given not just protection but a clear strategy to become globally competitive, they can become a crucial part of the economic structure of developed India. can be strengthened.

# चांद नजर आया, मस्जिदों से किया गया ऐलान, शुरू हुआ मुकद्दस रमजान

ठाकुरद्वारा । मुकद्दस महीने रमजान का चांद नजर आने के साथ ही क्षेत्र में खुशी, रौनक और इबादत का माहौल बन गया है। चांद दिखाई देने की पुष्टि होने के बाद मस्जिदों से ऐलान कर दिया गया कि





गुरुवार को पहला रोजा रखा जाएगा। इसी के साथ एक माह तक चलने वाले रोजा, नमाज और इबादत के सिलसिले की शुरुआत होगी। बुधवार शाम को मगरिब की नमाज के बाद लोगों ने आसमान में चांद देखने की कोशिश की। चांद नजर आने की खबर मिलते ही मस्जिदों में तकबीरें गूंज उठीं। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है, जिसे रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना माना जाता है। इस पूरे महीने में रोजेदार सुबह सहरी के समय भोजन कर रोजा शुरू करते हैं और सूर्यास्त के समय इफ्तार कर रोजा खोलते हैं। दिनभर भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत की जाती है और बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया जाता है। उलेमा-ए-कराम ने बताया कि रमजान आत्मशुद्धि, संयम और सामाजिक एकता का संदेश देता है। इस महीने में जकात और फितरा अदा कर जरूरतमंदों की मदद करने का विशेष महत्व है। रमजान को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। खजूर, फल, सेवईं, सूखे मेवे और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है। सहरी और इफ्तार की तैयारियों में परिवार जुट गए हैं। उलेमाओं ने अपील की है कि रमजान के पाक महीने में इबादत के साथ-साथ आपसी भाईचारा, अमन-चैन और सद्भाव बनाए रखें। साथ ही स्वच्छता, संयम और सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करते हुए इस पवित्र माह का सम्मान करें। रमजान माह की शुरुआत को लेकर रोजेदार तैयारी में जुट गए हैं। मस्जिदों में जहां तैयारी की जा रही है वहीं बाजार में इसके लिए खरीदारी बढ़ गई है। शहर इमाम हकीम सैयद मासूम अली आजाद ने बताया कि बुधवार को चांद दिखने की उम्मीद है। यदि बुधवार की शाम चांद नजर आ जाता है तो जुमेरात को पहला रोजा रखा जाएगा। वहीं, अगर जुमेरात की रात चांद दिखाई देता है तो शुक्रवार को पहला रोजा रखा जाएगा। चांद के दीदार के बाद औपचारिक रूप से रमजान की शुरुआत का ऐलान किया जाएगा।उन्होंने बताया कि रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना माना जाता है, जिसमें रोजेदार सुबह सहरी के समय भोजन करने के बाद दिनभर रोजा रखते हैं और शाम को इफ्तार के साथ रोजा खोलते हैं। इस महीने में इबादत, तिलावत-ए-कुरान, तरावीह की नमाज और जरूरतमंदों को दान का विशेष महत्व होता है। मस्जिदों में साफ-सफाई और रोशनी की विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इधर, बाजारों में भी रमजान की तैयारियों को लेकर भीड़ बढ़ गई है। लोग खजूर, सेवइयां, फलों और इफ्तार से जुड़ी अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। इसके अलावा नए कपड़े, टोपी, इत्र और नमाज से संबंधित सामान की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि रमजान के चलते बिक्री में तेजी आई है और आने वाले दिनों में और अधिक रौनक की उम्मीद है।

# उमंग और उत्साह के साथ केंद्रों पर पहुंचे छात्र-छात्राएं, हिंदी के पेपर से शुरुआत..

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर परीक्षाएं कड़ी निगरानी के बीच शुरू हो गई। मुरादाबाद में 112 केंद्रों पर परीक्षा हुई। इस दौरान छात्र उत्साहित दिखे।मुरादाबाद में कड़ी निगरानी के बीच बोर्ड परीक्षाओं का आगाज हो गया। सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की भीड़ नजर आने लगी। प्रथम पाली में हाईस्कूल की परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे हिंदी प्रश्नपत्र के साथ शुरू हुई। केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।जिले में बनाए गए सभी केंद्रों पर मंगलवार से ही सीटिंग प्लान और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गई थीं। परीक्षा शुरू होते ही कंट्रोल रूम से





ऑनलाइन निगरानी शुरू कर दी गई। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।मुरादाबाद में इस बार 112 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 19 केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं। हाईस्कूल में 39,560 और इंटरमीडिएट में 36,200 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। 15 दिन तक चलने वाली इन परीक्षाओं में कुल 75,760 परीक्षार्थी शामिल होंगे।माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से निगरानी के लिए पांच जोनल मजिस्ट्रेट, छह सचल दल, 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट, दस रात्रिकालीन निगरानी दल, 112 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 112 केंद्र एवं बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, एक संकलन केंद्र और तीन उप संकलन केंद्र बनाए गए हैं।जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय के अनुसार प्रश्नपत्रों से छेड़छाड़ की किसी भी संभावना को समाप्त करने के लिए दस रात्रिकालीन सचल दल गठित किए गए हैं। वह रात में भ्रमण कर केंद्रों के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करेंगे। प्रशासन का दावा है कि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाएगी।

# चचेरे मामा ने की भांजे की हत्या, सिर में घुसा मिला धारदार हथियार; अवैध संबंधों में बन रहा था बाधा

रामपुर में अवैध संबंधों में बाधा बनने पर चचेरे मामा ने भांजे की दरांती से हमला कर हत्या कर दी। चीख सुनकर पहुंचे ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के स्वार में अवैध संबंधों में बाधक बने चचेरे मामा ने भांजे की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली इलाके के मसवासी पुलिस चौकी के खौदकलां गांव में मंगलवार की रात लगभग पौने 12 बजे कथित अवैध संबंधों में बाधक बने चचेरे मामा ने भांजे मोहम्मद आकिल (28) की दरांती के प्रहार से हत्या कर दी। चीख निकलने पर पड़ोसी ने आरोपी को भागते हुए देखा। मौके पर तमाम ग्रामीण इकठ्ठा हो गए। सूचना पर कोतवाल संजीव कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। खौदकलां गांव के लोग मंगलवार की रात गहरी नींद में सो रहे थे तभी उन्होंने चीखों की आवाज सुनी। लोग घरों से बाहर निकल आए और वह मोहम्मद आकिल के घर पहुंचे तो वो रक्तरंजित अवस्था में मिला। उसके सिर में दरांती घुसी हुई थी। घटना के समय वह घर में अकेला था। सूचना मिलने पर कोतवाली और मसवासी चौकी पुलिस आ गई। पुलिस को आकिल मृत अवस्था में में मिला। इसके चलते शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। घर में अकेला रहता था आकिल - आकिल के माता-पिता का काफी साल पहले निधन हो चुका है। एक बहन थी वह भी शादी के बाद अपनी ससुराल में रह रही है। आकिल की शादी हो चुकी है लेकिन पत्नी शाइस्ता लगभग छह माह पहले उसे छोड़ तीन बच्चों को लेकर अपने मायके जाकर रहने लगी है। आरोप है कि आकिल को नशे की लत और आपराधिक गतिविधियों से नाराज होकर वह पहले भी कई बार पति को अकेला छोड़ कर मायके जा चुकी है। इस तरह अकील अपने घर में अकेला ही रह रहा था। चचेरे मामा पर हत्या का आरोप- गांव में उसके चचेरे मामा नसीम उर्फ भूरा रहता है। उसकी शादी हुई थी लेकिन पत्नी तलाक लेकर उसे छोड़ गई। बताते हैं कि भांजा मोहम्मद आकिल अपनी पत्नी को घर लाना चाहता था लेकिन वह आने को तैयार नहीं थी। बताते हैं कि वह ममेरे ससुर नसीम उर्फ भूरा के सांपर्क में थी। नसीम से मोबाइल पर बात करती थी। चर्चा है कि मोहम्मद आकिल को रास्ते से हटाकर वह उसकी पत्नी को खुद अपनी पत्नी बनाना चाहता था। संभव है कि इसी कारण मंगलवार की रात मोहम्मद आकिल की जघन्य हत्या कर दी गई। चचेरा मामा पुलिस की हिरासत में- चीख पुकार सुनकर पड़ोसियों ने देखा कि नसीम उर्फ भूरा, मोहम्मद आकिल के घर से भागने का प्रयास कर रहा था। भीड़ जमा होने के कारण वह भाग नहीं सका। इसी दौरान कुछ देर में पुलिस आ गई और उसे कब्जे में ले लिया गया। आकिल का है आपराधिक इतिहास- पुलिस और ग्रामीणों के मुटाविक आकिल का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। उसके खिलाफ थाना टांडा के अलावा उत्तराखंड के रुद्रपुर और हल्द्वानी में चोरी के कई मुकदमे दर्ज हुए। वह कई बार जेल भी जा चुका था। इसके आलावा वह नशा भी करने लगा। शाइस्ता पति की इन हरकतों से तंग रहती ही और उसे छोड़कर अपने तीन बच्चों के मायके में रहने लगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने विधानसभा घेराव को निकले कांग्रेसियों को किया हाउस अरेस्ट

विधानसभा सभा घेराव के लिये युवा कांग्रेस रामपुर के सैकड़ों कार्यकर्ता सुबह 4 बजे काजी गली स्थित युवा कांग्रेस के कैंप कार्यालय में एकत्रित हुए। इसी दौरान पुलिस ने



सभी को हाउस अरेस्ट कर लिया। कार्यकर्ताओं ने कूच करने की कोशिश की उन्हें गाड़ियों में भर लिया और पुलिस चौकी ले जाकर बैठा लिया। हालांकि दोपहर करीब दो बजे पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। युवा कांग्रेस के महासचिव अरसलान खां ने इसे सरकार की दमनकारी नीति बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस से डरने वाली नहीं, यह सीधा जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। मनरेगा रोजगार की गारंटी है, जिस के नियमों को कांग्रेस बदलने नहीं देगी और हर स्तर पर इसमें बदलाव का विरोध करेगी।जिला अध्यक्ष मो. आरिफ ने इसे संविधान विपरीत लोकतंत्र की आवाज को दबाने का असफल प्रयास है। कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिये डटा रहेगा। शहर विधान सभा अध्यक्ष यासिर शाह खां ने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए मोहब्बत के पैगाम को जन जन तक पहुंचाने और दमनकारी नीतियों का डट कर मुकाबला करने का संकल्प दोहराया।

### स्वार में नकली कैल्शियम बेचते हुए पकड़ा गया दुकानदार

क्षेत्र में किसानों के शोषण का एक और मामला सामने आया है। फसल की पैदावार बढ़ाने के नाम पर किसानों को नकली खाद और दवाइयां बेची जा रही हैं। जिससे वे आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं। मंगलवार को नकली



कैल्शियम बेचने की सूचना पर गुड़गांव से आई कंपनी टीम ने नगर के मुख्य चौराहे के निकट स्थित शर्मा फर्टिलाइजर की दुकान पर छापामार कार्रवाई कर एक नकली कैल्शियम का कट्टा बरामद किया। कार्रवाई के दौरान टीम ने दुकानदार को यारा वीरा नाइट्रोजन कैल्शियम का नकली कट्टा 500 रुपये में बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। जबकि बाजार में इसी कंपनी के असली कैल्शियम कट्टे की कीमत लगभग 1400 रुपये बताई जा रही है। सस्ते दामों का लालच देकर किसानों के साथ खुलेआम धोखाधड़ी की जा रही थी। छापेमारी करने वाली टीम का नेतृत्व कर रहे एरिया मैनेजर धर्मेंद्र कुमार ने तत्काल इसकी सूचना जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह को दी। सूचना मिलते ही जिला कृषि अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने टीम को नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। टीम ने कैल्शियम के नमूने लेकर लैब को भेजा है। कार्रवाई के दौरान नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के खाद बीज विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। गौरतलब है कि क्षेत्र में लंबे समय से नकली खाद एवं कीटनाशक और कृषि दवाओं का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। इसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है, जहां मेहनत की कमाई लूटने के साथ साथ फसलें भी खराब हो रही हैं।


**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# किसान दिवस विकास भवन सभागार में हुआ समापन

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । विकास भवन सभागार में उप कृषि निदेशक, की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक, महोदय द्वारा सम्बोधन संचालन की शुरूआत की गयी तदोपरान्त अधोहस्ताक्षरी के द्वारा विगत माह के किसान दिवसों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में बिन्दुवार अवगत कराया गया। क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रत्येक शिकायत के निस्तारण को सुना गया जिसमें सर्वप्रथम कृषक प्रताप सिंह भारतीय किसान यूनियन( शंकर), द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम रहटुईया तहसील ऑवला के द्वारा मनरेगा, विद्युत विभाग, ग्राम प्रधान एवं पी.डब्लू.डी. विभाग द्वारा सड़क निर्माण जोकि ग्रामीण क्षेत्र से होकर जा रही है जिस पर राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटवाया जाये। कृषक एम.पी. सिंह द्वारा विद्युत विभाग का समस्या को बताया गया, ग्रामीण क्षेत्र ग्राम खनगवां श्याम मे बिना मीटर के रू. 600 का बिल आया है। शिवकुमार शर्मा, समाजसेवी बहेड़ी द्वारा नगरपालिका बहेड़ी की अधिशासी अधिकारी द्वारा गैर जिम्मेदारी के बारे में अध्यक्ष महोदय को शोशण के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया, जिला कृषि अधिकारी, महोदया, के सम्बोधन उपरान्त धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसान दिवस के समापन की घोषणा की गयी। इस अवसर पर बरेली के प्रगतिशील कृषकों एवं कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, नलकूप विभाग, गन्ना विभाग तथा अन्य समबद्ध विभाग के अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया ।




# घरेलू कलह में मां को चाकू मारकर उतारा था मौत के घाट , अब हुई उम्रकैद की सजा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। घरेलू कलह में मां की चाकू मारकर हत्या करने के आरोपी थाना किला के पंजाबपुरा साहूकारा निवासी सूरज को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-4 अमृत शुक्ला की अदालत ने सश्रम आजीवन कारावास व 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। वादी बाबूराम ने थाना किला में तहरीर देकर बताया कि 18 अक्टूबर 2022 को करीब 3.30 बजे भांजे सूरज ने घरेलू कलह को लेकर अपनी मां मंजू देवी को चाकू मारकर घायल कर दिया व मंजू को बचाने आयी अपनी पत्नी अनीता देवी को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। अस्पताल ले जाते वक्त मंजू की रास्ते में ही मौत हो गयी। पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 14 गवाह पेश किये थे।

# फीस जमा न करने पर तीन छात्रों के प्रवेश पत्र रोके, निजी स्कूल में हंगामा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। सुभाष नगर क्षेत्र में रामगंगा के समीप स्थित सेंट एंड्रू स्कूल ने फीस बकाया होने के चलते 12वीं कक्षा के तीन छात्रों के प्रवेश पत्र रोक लिए। बुधवार सुबह जब सीबीएसई 12वीं की परीक्षा शुरू हुई तो तीनों छात्र स्कूल प्रबंधन के चक्कर काटते रहे। फीस जमा न होने का हवाला देकर स्कूल प्रबंधन ने उन्हें एडमिट कार्ड देने से साफ इनकार कर दिया। इसके कारण ये छात्र फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा नहीं दे सके। मामले की जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी ) के पदाधिकारी स्कूल पहुंच गए। प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रिंसिपल कार्यालय में ताला जड़ दिया। कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा सीबीएसई की सिटी कॉर्डिनेटर ममता सक्सेना ने स्पष्ट किया , कि %सेंट एंड्रू स्कूल% नाम का कोई भी संस्थान सीबीएसई से मान्यता प्राप्त नहीं है। वहीं, स्कूल के प्रबंधक मोहित चंद्र का कहना है कि यह एक कोचिंग सेंटर है और अभिभावकों को बुलाने के लिए ही एडमिट कार्ड रोके गए थे।



# बरेली में वृध्दाश्रम जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा माननीय कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायामूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदनोपरान्त आम जनता के विधिक सशक्तीकरण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा दिनांक 22.02.2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन जी.आई.सी. ऑडिटोरियम, बरेली में किया जा रहा है। बरेली न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, निर्देशानुसार उक्त मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के सम्बन्ध में पुन: प्री-शिविर का आयोजन वृध्दाश्रम, लाल फाटक, बरेली में किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा बताया गया कि दिनांक 22.02.2026 को आयोजित मेगा शिविर में समस्त विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जो अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित समस्याओ का निस्तारण करेंगे एवं जरुरतमन्द व्यक्तियों का पंजीकरण करेगे। उक्त शिविर जागरुकता शिविर में जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम द्वारा प्रतिभाग कर वृध्दाश्रम बरेली में निवासरत वृध्दों की स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच की गयी तथा दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया ।



# बरेली जंक्शन से करोड़ों की बैटरी चोरी, 142 कोच से 1200 बैटरी के मामले ने पकड़ा तूल

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर रेलवे के बरेली जंक्शन की वॉशिंग लाइन और स्टोर से अलग - अलग ट्रेनों के 142 कोचों की 1200 से अधिक बैटरियां गायब होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस खुलासे के बाद रेलवे महकमे में हड़कंप मच गया है। यह मामला जब उच्च अधिकारियों तक पहुंचा, तो उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल मुख्यालय में खलबली मच गई। बताया जाता है कि मंडल मुख्यालय में स्टोर इंचार्ज समेत कई अधिकारियों की पेशी हुई और विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। हालांकि, इस मामले में इंस्पेक्टर आरपीएफ से जानकारी की कोशिश की। मगर, उनका फोन नहीं उठा। बरेली जंक्शन पर 135 बैट्री गायब होने की चर्चा है। जानकारी के मुताबिक, जंक्शन के पूर्वी आउटर स्थित वॉशिंग लाइन में ट्रेनों के कोचों की मरम्मत और तकनीकी देखभाल की जाती है। उसके पास में ही स्टोर है, जहां पुरानी बैटरियां और अन्य इलेक्ट्रिकल सामग्री रखी जाती है। हाल ही में स्टॉक का मिलान किया गया, तो 142 कोचों से 1200 से अधिक बैटरियां गायब मिलीं। बैटरियों की बाजार कीमत काफी अधिक बताई जा रही है, जिससे करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका है। सूत्रों का कहना है कि लंबे समय से बैटरियां और स्क्रैप गायब होता रहा, लेकिन किसी स्तर पर गंभीर निगरानी नहीं की गई। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) आदित्य गुप्ता ने मीडिया को बताया कि विभागीय जांच जारी है। जांच पूरी होने से पहले बैटरियों की सटीक संख्या और नुकसान का अंतिम आकलन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




# सांड़ ने मचाया आतंक, हमले में किसान की हुई मौत, महिला समेत हुए चार घायल

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। कैंट थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एक सांड़ ने आतंक मचाया। सांड़ ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया, जिससे गांव बभिया निवासी किसान रामफेर पाराशर की मौत हो गई। जबकि चार ग्रामीण घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने सांड़ को पकड़वाने की मांग की है। गांव बभिया निवासी मुनेंद्र ने बताया कि उनके चाचा रामफेर पाराशर अविवाहित थे। वह बुधवार सुबह ग्रामीणों के साथ खेत पर जा रहे थे। रास्ते में सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। उनको सींगों से उठाकर पटक दिया। ग्रामीणों ने बचाने का प्रयास किया तो सांड़ ने उन लोगों पर भी हमला कर दिया। घटना से मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। किसी तरह सांड़ को वहां से भगाया। इलाके में छुट्टा पशुओं का है आतंक - इसके बाद घायलों को आनन-फानन अस्पताल पहुंचाया गया। जहां रामफेर पाराशर को मृत घोषित कर दिया गया। सांड़ के हमले में गांव के ही उदयवीर, विद्यावती, अशोक शर्मा और उनका बेटा अमित घायल हुए हैं। घायलों का उपचार चल रहा है। मुनेंद्र ने बताया कि इलाके में बहुत छुट्टा पशु हैं, लेकिन यह सांड़ मंगलवार को कोई यहां छोड़कर गया था। उन्होंने हमलावर सांड़ को जल्द पकड़वाने की मांग की है। गांव के प्रधान ने बताया कि गांव में कोई गौशाला नहीं है। शहर से पकड़े जाने वाले छुट्टा पशुओं को गांव में छोड़ दिया जाता है। इस सांड़ को भी कोई छोड़ गया था। कैंट थाने के इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि किसान के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है।



# दूसरे राज्य में की पढ़ाई अब जिले का बनना है मतदाता, एसआईआर में अंकपत्रों की हो रही जांच

